दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### युवती से छेड़खानी जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतवाली व थाना तमनार दिनांक 18.01.2020 को दो महिलाओं द्वारा छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। थाना कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट गणेशराम जगतरामका निवासी श्याम टॉकीज रोड रायगढ़ के विरुद्ध उसके निकटतम रिश्तेदार महिला द्वारा छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है जबकि थाना तमनार में किराना दुकान चलाने वाली 30 वर्षीय महिला द्वारा शिवकुमार उम्र 35 वर्ष निवासी तमनार के विरुद्ध सामान खरीदने के बहाने दुकान में छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है । थाना तमनार में आरोपी शिवकुमार के विरुद्ध अपराध क्रमांक 29/2020 धारा 354 ताहि एवं थाना कोतवाली में गणेशराम जगतरामका के विरुद्ध अपराध क्रमांक 49/2020 धारा 354 ताहि कायम किया गया है , जो विवेचनाधीन है।

### अज्ञात मृतक पुरूष की पहचान एवं वारिसानों की पतासाजी के लिये जानकारी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी जूटमिल रायगढ़ के मर्ग क्र. 11/2020 धारा 174 जा.फौ. के तहत अज्ञात मृतक पुरूष उम्र करीब 35 वर्ष यात्री प्रतिक्षालय कबीर चौक एफ.सी.आई. गोदाम के पास आग से जल कर मृत्यु हुई थी। यह अर्धविक्षिप्त व्यक्ति था कबीर चौक एफ.सी.आई. गोदाम के आसपास घूमता था दिनांक 17.1.2020 को यात्री प्रतिक्षालय कबीर चौक एफ.सी.आई. गोदाम के पास आग से जली हुई उसकी लाश मिली थी। मृतक की पहचान के लिये उसके वारिसान की जानकारी के लिये अज्ञात मृतक का हुलिया जिसका रंग सांवला, ऊंचाई 5 फीट, 8 इंच, चेहरा लंबा, बाल का रंग अधपका, शारीरिकस्थिति दुबला पतला था।

### नरवा विकास योजना: कैम्पा द्वारा 20 से 24 जनवरी तक वनमण्डल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर।** राज्य शासन की महत्वकांक्षी 'नरवा विकास योजना' के सफल क्रियान्वयन के लिए 20 से 24 जनवरी तक वनमंडल स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (कैम्पा) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री राकेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आई.सी.आर.जी. के प्रतिनिधियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत 20 जनवरी को दुर्ग वन वृत्त के अंतर्गत वनमण्डल कवर्धा और कांकेर वन वृत्त के अंतर्गत वनमण्डल पूर्व भानुप्रतापपुर तथा पश्चिम भानुप्रतापपुर के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह 21 जनवरी को रायपुर वन वृत्त के अंतर्गत वनमण्डल महासमुंद और जगदलपुर वन वृत्त के अंतर्गत वनमण्डल बस्तर तथा कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित है। इसके तहत 22 जनवरी को दुर्ग वन वृत्त के अंतर्गत वनमण्डल खैरागढ़, रायपुर वन वृत्त के अंतर्गत वनमण्डल बलौदाबाजार और जगदलपुर वन वृत्त के अंतर्गत वनमण्डल सुकमा के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 23 जनवरी को दुर्ग वन वृत्त के अंतर्गत वनमण्डल राजनांदगांव, कांकेर वन वृत्त के अंतर्गत वनमण्डल के केशकाल तथा कांकेर और जगदलपुर वन वृत्त के अंतर्गत वनमण्डल दंतेवाड़ा के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित है।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन उपयोगी एवं आज की है आवश्यकता -उइके

**रायपुर।** राज्यपाल अनुसुईया उइके ने आज भोपाल में आदिवासी सेवा मंडल द्वारा आयोजित 15वें आदिवासी युवक-युवती परिचय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पहले लोगों को अपने बेटा-बेटियों की शादि करने के लिए योग्य वर-वधु की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ता था। आदिवासी सेवा मण्डल द्वारा आयोजित इस युवक युवती परिचय सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवती समाज के सामने आकर अपना परिचय दे रहे हैं। यह आदिवासी सेवा मण्डल का सराहनीय पहल है। इस तरह के परिचय सम्मेलन उपयोगी और आज की आवश्यकता है।

# चाइल्ड लाइन के स्वच्छता कार्यक्रम दौरान दी गई घरेलू हिंसा, यौन अपराधों की जानकारी

**कार्यक्रम में नगर स्वच्छ रखने की ली गई शपथ**






**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चाइल्ड लाइन रायगढ़ द्वारा 18 एवं 19 जनवरी 2020 को जूटमिल क्षेत्र के डॉ. बी.आर. अंबेडकर विद्यालय में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम रखा गया था। दो दिवसीय कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का स्वच्छता रैली, निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला, खेल प्रतियोगिता, स्वच्छता पर फिल्म प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया था।

दिनांक 19.01.2020 के कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में पुलिस महिला रक्षा टीम के सदस्यों को स्कूली बच्चों एवं गृहणी महिलाओं को यौन अपराधों, घरेलू हिंसा आदि की जानकारी देने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।

जिस पर निरीक्षक कौशल्या साहु पुलिस कार्यालय रायगढ़ एवं पुलिस महिला रक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस अपने स्टाफ के साथ कार्यक्रम स्थल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विद्यालय (कृष्णा नगर) राजीवनगर पहुंचे। कार्यक्रम में निरीक्षक कौशल्या साहु द्वारा उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मिलने वाली विधिक सहायता की जानकारी दी गई साथ ही उपस्थित मोहल्ले वासियों को एटीएम फाड, ऑनलाइन ठगी यातायात नियमों के बारे में जानकारी दिया गया है। प्रभारी महिला रक्षा श्रीमती संतोषी ग्रेस द्वारा उपस्थित बच्चों को पास्को एक्ट एवं महिला संबंधी विविध अपराधों की जानकारी देकर गुड टच - बैड टच के बारे में बताते हुए छात्राओं को ऐसे अपराधों से बचने और असामाजिक तत्वों को सामने लाने के लिए अपने साथ होने वाली अवांछनीय घटनाओं को माता-पिता, टीचर्स को बताने के लिए कहा गया। स्कूली छात्राओं को टीआई ग्रेस द्वारा मोबाइल के उपयोग पर सावधानी बरतने को कहते हुए व्हाट्सएप फेसबुक में अपरिचित लोगों के फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट न करने की समझाइश देते हुए परीक्षाएं नजदीक है पढ़ाई पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने के लिए बोली। चाइल्ड लाइन रायगढ़ द्वारा स्वच्छता के संबंध में कराए गए।

निबंध लेखन, चित्रकला में विजयी छात्राओं को पुरस्कार वितरण महिला पुलिस अधिकारियों के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों एवं वार्ड वासियों द्वारा नगर को स्वच्छ रखने की शपथ भी ली गई है। कार्यक्रम में बाल संरक्षण अधिकारी एवं उनके स्टाफ, नवनिर्वाचित पार्षदगण तथा डॉ. बी.आर. अंबेडकर विद्यालय के 375 छात्र-छात्राएं शिक्षकगण एवं जूटमिल क्षेत्र के गणमान्य महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

» एक कोनपारा घरघोड़ा में बाइक के लिए ग्राहक तलाश करते पकड़ा गया दूसरे ने घर में छिपा रखी थी चोरी की बाइक

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

» घरघोड़ा पुलिस की कार्यवाही



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी दिनांक 18.01.2020 को घरघोड़ा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को उनके सक्रिय मुखबीर द्वारा सूचना दिया गया कि ग्राम कोनपारा में एक व्यक्ति मोटरसाइकिल बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है जिस पर थाना प्रभारी घरघोड़ा द्वारा थाने से प्रधान आरक्षक आशिक रात्रे एवं आरक्षक उद्धव पटेल को तस्दीकी के लिए कोनपारा भेजे, जहां उन्हें संदेही व्यक्ति बिना नंबर सी.डी. डीलक्स मोटरसाइकिल के साथ मिला जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम ओमप्रकाश पैंकरा पिता राजाराम पैंकरा उम्र 21 साल निवासी ग्राम केशला थाना लैलूंगा का होना बताया। इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति द्वारा नवापारा घरघोड़ा के रहने वाले संजय पैंकरा पिता रवि पैंकरा उम्र 22 वार्ड नंबर 9 घरघोड़ा को एक चोरी की हुई मोटरसाइकिल घर में छिपाकर रखने की जानकारी दिए जिस पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा आरोपी संजय पैंकरा के घर जाकर चोरी की मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स सीजी 13-ए.जी./ 2890 बरामद किए। उक्त चोरी की मोटरसाइकिल के संबंध में थाना घरघोड़ा में पूर्व में अपराध क्रमांक 134/19 धारा 379 भारतीय दंड विधान दर्ज किया गया था। उक्त अपराध में आरोपी संजय पैंकरा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है तथा आरोपी ओमप्रकाश पैंकरा के विरुद्ध चोरी की बाइक जप्त करने के संबंध में इस्तगासा धारा 41 (1+4)जाफौ/379 ताहि की कार्यवाही की गई है।

## पूंजीपथरा पुलिस ने फिर पकड़ा अवैध कोयला लोड ट्रक

**25 टन कोयले के साथ दो आरोपी गिरफ्तार**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रात्रि थाना दिनांक 19.01.2020 को पूंजीपथरा से गस्त पेट्रोलिंग पर निकले सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम, सहायक उपनिरीक्षक जे.आर. सिंह व हमराह स्टाफ द्वारा रात्रि लगभग 3:00 बजे फुटहामुड़ा पुलिया अरुण ढाबा के सामने मेन रोड गेरवानी के पास ओडी 17 के - 0391 को संदिग्ध अवस्था में खड़ी हुई देखकर ट्रक के चालक, हेल्फर के पास जाकर पूछताछ किए पुलिस स्टाफ द्वारा दोनों से ट्रक में लोड कोयला के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों गोलमोल जवाब देने लगे कड़ी पूछताछ पर ड्राइवर और उसके साथी ने कोयला लैलूंगा रोड कोनपारा जंगल में अवैध उत्खनन की कोयला घरघोड़ा लेकर जाने की जानकारी दिए। ड्राइवर और उसके साथी द्वारा ट्रक में लोड कोयले के संबंध में कोई कागजात पेश नहीं कर पाने पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ट्रक में लोड कोयले को मय जप्त ट्रक जब्त किया गया है। ट्रक में लोड कोयले का वजन करीब 25 टन है जिसकी कीमत 1,10,000 का करीब है। मामले में ड्राइवर निवास राणा पिता भोजराम राणा उम्र 23 साल और उसके साथी मोहम्मद वसीम मोहम्मद वाहिद उम्र 27 साल दोनों निवासी व थाना सोहेला जिला बरगढ़ के विरुद्ध थाना पूंजीपथरा में इस्तगासा क्रमांक 02/2020 धारा 41(1+4)सीआरपीसी/379,34 आईपीसी एवं 4(21) खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

## नन्हें बच्चों को दो बूंद जिन्दगी की' पोलियो वैक्सीन पिलाकर अभियान का शुभारंभ






**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आज शुभारंभ कलेक्टर यशवंत कुमार के मार्गदर्शन में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज नन्हे बच्चों को दो बूंद पोलियो वैक्सीन पिलाकर किया। यह आयोजन हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रामभांटा के प्रागंण में किया गया। देश एवं प्रदेश से पोलियो की बीमारी को पूर्णतः समाप्त करने के लिये यह अभियान चलाया गया है। कलेक्टर यशवंत कुमार ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि पोलियो बूथ में जाकर अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की' पोलियो की दवा अवश्य पिलायें।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 2020 के सफल क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी के द्वारा कार्यक्रम के लिये सूक्ष्म कार्य योजना तैयार की गई है। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान अंतर्गत रायगढ़ जिले में 0 से 5 वर्ष आयु समूह के लगभग 175931 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद खुराक पिलायी जानी है। पोलियो ड्राप पिलाने के लिये कुल 1866 पोलियो बूथ, ट्रांजिट टीम एवं मोबाईल टीमों का गठन किया गया है। इसके लिये सभी ग्रामों में कोटवारों द्वारा मुनादी कराई गई है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कार्यकताओं, आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओ एवं मितानिनों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में प्रथम दिवस बूथ पर एवं द्वितीय व तृतीय दिवस में घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलायी जायेगी। इस अभियान में विभिन्न स्वयंसेवी एवं समाजसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता भी रूचि लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये योगदान दे रहे है।

इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टी.जी.कुलवेदी, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. टी.के.टोण्डर, (डब्ल्यू.एच.ओ.) डॉ. प्रशांत, मिडिया अधिकारी उमा महंत, चिकित्सा अधिकारी डॉ. काकोली पटनायक, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश कुमार वर्मा, चोलेश्वर सिंह पटेल, हलधर यादव, सुनील पटेल, वरूण झा, लक्ष्मीनारायण साव एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर रामभांटा के समस्त स्टाफ, स्वास्थ्य कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## ट्रेन छूटने अकेली घूम रही बालिका को डायल 112 ने पंहुचाया

» आउटर मे रुका था ट्रेन, स्टेशन समझकर उतर गई थी बालिका

**बैंक कॉलोनी चक्रधरनगर के रहवासी ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कॉलोनी में अकेली घूम रही 11 वर्षीय बालिका के लिए डायल 112 को कॉल कर इवेंट दिया गया।**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10:00 बजे दिनांक 19.01.2020 को कोतवाली राइनो-1 को बैंक कॉलोनी चक्रधर नगर में रहने वाले सुदामा मेहर पिता हरि मेहर को उनके कॉलोनी में अकेले घूम रही 11 वर्षीय बालिका को देख कर उससे पूछताछ किया बालिका बताई की शक्ति स्टेशन से ट्रेन में बैठकर उड़ीसा अपने पापा के पास जा रही थी।

बैंक कॉलोनी के पास सिग्नल ना मिलने से हीराकुंड एक्सप्रेस कुछ देर के लिए रुकी तो बालिका स्टेशन है समझ कर पानी पीने के लिए नीचे उतर गई। इतने में ट्रेन रफ्तार से आगे बढ़ गया। बालिका के लिए सुदामा मेहर द्वारा डायल 112 को कॉल का इवेंट दिया गया। इवेंट पर कोतवाली राइनो-1 में आरक्षक सुरेश मिंज व चालक भरत भारद्वाज मौके पर पहुंचे। कॉलर सुदामा मेहर से मिली जानकारी के बाद बालिका को ईआरवी वाहन में थाना चक्रधरनगर लेकर आए। थाना चक्रधरनगर में बालिका के परिजनों से संपर्क किया गया। परिजनों ने बताया कि बालिका कि मनो:स्थिति सामान्य नहीं है बालिका संजू महंत ग्राम छपोरा मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा की होने की जानकारी मिली है जिसे उसके परिजन लेने आ रहे हैं।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खेलो इंडिया गेम्स में छत्तीसगढ़ को प्रथम गोल्ड मेडल दिलाने पर तैराक शिवाक्ष साहू को बधाई दी है



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खेलो इंडिया गेम्स में छत्तीसगढ़ को प्रथम गोल्ड मेडल दिलाने पर तैराक शिवाक्ष साहू को बधाई दी है। शिवाक्ष साहू ने 21 कटेगरी में 400 मिडले रेस में पहला स्थान प्राप्त किया तथा उनके छोटे भाई रुद्राक्ष साहू ने कांस्य पदक जीता।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480